# वार्षिक प्रतिवेदन

**सत्र 2023-24**

# राजकीय महाविद्यालय कुल्लू

**राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद से अलंकृत बी++ मान्यता प्राप्त संस्थान**

## 55वाँ वार्षिक

## पुरस्कार वितरण समारोह

## डॉ. अमरजीत के. शर्मा

निदेशक उच्चतर शिक्षा, हिमाचल प्रदेश

के मुख्य आतिथ्य में

## दिनांक 22 मार्च, 2024

## प्रस्तुतकर्ता

डॉ. रोशन लाल

प्राचार्य

आज के इस वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के मुख्य अतिथि महोदय परम सम्माननीय मिलनसार, मृदुभाषी निदेशक, उच्चतर शिक्षा हिमाचल प्रदेश, डॉ. अमरजीत के. शर्मा जी, विशिष्ट अतिथि संयुक्त निदेशक, उच्चतर शिक्षा हिमाचल प्रदेश डॉ. नन्द लाल शर्मा अन्य आमंत्रित अतिथि गण, छात्र-अभिभावक संघ के सदस्य, अन्य अधिकारी गण, महाविद्यालय के पूर्व और वर्तमान में शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थीगण, प्रिन्ट मीडिया और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से पधारे सभी पत्रकार आप सभी का इस वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन है। महोदय, यह परम सौभाग्य के क्षण होते हैं जिसमें विद्यार्थी शिक्षा, खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में विशिष्ट स्थान अर्जित करते हैं, जिससे उनके जीवन की दिशा और दशा तय होती है । इन प्रतिभावान विद्यार्थियों से प्रेरणा प्राप्त कर अन्य विद्यार्थियों में भी आगे बढ़ने की भावना जागृत होती है। हम ऐसी कामना करते हैं कि आप से साक्षात् रूप में पुरस्कार प्राप्त करके विद्यार्थी जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित होते रहेंगे। महोदय आपको मुख्य अतिथि पाकर हम गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। अत्यधिक व्यस्तता के बाबजूद आपने महाविद्यालय को अपना बहुमूल्य समय प्रदान किया इसके लिए महाविद्यालय परिवार आपका हृदय से धन्यवादी एवं आभारी है |

## परिचय

व्यास नदी के दाएं तट स्थित प्राकृतिक सौन्दर्य से घिरा महाविद्यालय कुल्लू 1967 से लेकर आज तक शिक्षा की अलख जगाने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। कभी भी पीछे मुड़कर न देखने वाली व्यास नदी यहां के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को शाश्वत रूप से आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। महाविद्यालय के साथ लगते पर्वत पर विराजमान हमारे पूजनीय देवता बिजली महादेव की कृपा महाविद्यालय पर सदैव बनी रहती है |इस महाविद्यालय का आरंभ 1967 में 9 शिक्षकों व 58 विद्यार्थियों के साथ हुआ था वर्तमान में की आशातीत वृद्धि के कारण कारण अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की संख्या 5117 है जिसमें छात्रों की संख्या 2347 और छात्राओं की संख्या 2770 है। वर्तमान में निष्ठावान एवं प्रबुद्ध प्रतिबद्ध शिक्षकों की संख्या 68 और गैर शिक्षकों की संख्या 18 हो गई है।

## नामंकन

महाविद्यालय में विभिन्न संकायों में अध्ययनरत विद्यार्थियों की संख्या क्रमबद्ध रूप से इस प्रकार है -

**CATEGORY WISE ENROLMENT OF STUDENTS AS ON 31-8-2023IN R/O GOVT COLLEGE KULLU DISTT. KULLU HP. ANNEXURE –B**

| Stream | Class/Stream wise | General | | SC | | ST | | OBC | | Total A (3+5+ 7+9) | Total B (4+6+ 8+10) | Total G. (11+12) | Handicaped | | G. Total (14+15) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | B | G | B | G | B | G | B | G | B | G | All | B | G | All |
| Arts | B.A. 1st Year | 421 | 490 | 141 | 176 | 85 | 63 | 20 | 22 | 667 | 751 | 1418 | 6 | 2 | 8 |
| | B.A. 2nd Year | 295 | 430 | 119 | 116 | 50 | 60 | 8 | 16 | 472 | 622 | 1094 | 3 | 1 | 4 |
| | B.A. 3rd Year | 199 | 371 | 64 | 88 | 38 | 55 | 16 | 17 | 317 | 531 | 848 | 2 | 0 | 2 |
| | Total | 915 | 1291 | 324 | 380 | 173 | 178 | 44 | 55 | 1456 | 1904 | 3360 | 11 | 3 | 14 |
| Science (Medical) | B.Sc. 1st Year | 25 | 58 | 11 | 16 | 11 | 18 | 1 | 6 | 48 | 98 | 146 | 0 | 0 | 0 |
| | B.Sc. 2nd Year | 19 | 64 | 6 | 13 | 8 | 22 | 0 | 4 | 33 | 103 | 136 | 0 | 0 | 0 |
| | B.Sc. 3rd Year | 13 | 43 | 4 | 12 | 4 | 13 | 1 | 3 | 22 | 71 | 93 | 0 | 0 | 0 |
| | Total | 57 | 165 | 21 | 41 | 23 | 53 | 2 | 13 | 103 | 272 | 375 | 0 | 0 | 0 |
| Science (Non-Medical) | B.Sc. 1st Year | 67 | 52 | 11 | 11 | 15 | 3 | 3 | 2 | 96 | 68 | 164 | 0 | 0 | 0 |
| | B.Sc. 2nd Year | 84 | 47 | 16 | 15 | 17 | 17 | 8 | 3 | 125 | 82 | 207 | 0 | 0 | 0 |
| | B.Sc. 3rd Year | 44 | 31 | 8 | 11 | 14 | 3 | 2 | 2 | 68 | 47 | 115 | 0 | 0 | 0 |
| | Total | 195 | 130 | 35 | 37 | 46 | 23 | 13 | 7 | 289 | 197 | 486 | 0 | 0 | 0 |
| Commerce | B.Com. 1st Year | 41 | 42 | 20 | 18 | 14 | 13 | 1 | 5 | 76 | 78 | 154 | 0 | 0 | 0 |
| | B.Com. 2nd Year | 33 | 34 | 18 | 12 | 13 | 15 | 2 | 2 | 66 | 63 | 129 | 0 | 0 | 0 |

| | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | B.Com. 3rd Year | 31 | 40 | 14 | 14 | 9 | 9 | 0 | 0 | 54 | 63 | 117 | 0 | 0 | 0 |
| | Total | 105 | 116 | 52 | 44 | 36 | 37 | 3 | 7 | 196 | 204 | 400 | 0 | 0 | 0 |
| B.C.A. | First Year | 19 | 9 | 5 | 1 | 2 | 2 | 2 | 1 | 28 | 13 | 41 | | | |
| | Second Year | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | | | |
| | Third Year | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | | | |
| | Total | 19 | 9 | 5 | 1 | 2 | 2 | 2 | 1 | 28 | 13 | 41 | | | |
| B.B.A. | First Year | 28 | 7 | 4 | 1 | 0 | 3 | 1 | 0 | 33 | 11 | 44 | | | |
| | Second Year | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | | | |
| | Third Year | 9 | 6 | 0 | 2 | 0 | 1 | 0 | 1 | 9 | 10 | 19 | | | |
| | Total | 37 | 13 | 4 | 3 | 0 | 4 | 1 | 1 | 42 | 21 | 63 | | | |
| M.A. English | First Year | 12 | 8 | 2 | 5 | 2 | 0 | 0 | 1 | 16 | 14 | 30 | | | |
| | Second Year | 0 | 0 | 0 | 0 | 67 | 0 | 0 | 0 | 67 | 0 | 67 | | | |
| | Total | 12 | 8 | 2 | 5 | 69 | 0 | 0 | 1 | 83 | 14 | 97 | | | |
| M.A. Hindi | First Year | 3 | 18 | 2 | 5 | 1 | 3 | 0 | 0 | 6 | 26 | 32 | | | |
| | Second Year | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | | | |
| | Total | 3 | 18 | 2 | 5 | 1 | 3 | 0 | 0 | 6 | 26 | 32 | | | |
| M.A. Economics | First Year | 2 | 13 | 5 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 7 | 14 | 21 | | | |
| | Second Year | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | | | |
| | Total | 2 | 13 | 5 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 7 | 14 | 21 | | | |
| M.A. Pol. | First Year | 3 | 17 | 2 | 6 | 1 | 2 | 0 | 1 | 6 | 26 | 32 | | | |

| | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Science | Second Year | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | | | |
| | Total | 3 | 17 | 2 | 6 | 1 | 2 | 0 | 1 | 6 | 26 | 32 | | | |
| MTA | First Year | 17 | 8 | 4 | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 22 | 9 | 31 | | | |
| | Second Year | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | | | |
| | Total | 17 | 8 | 4 | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 22 | 9 | 31 | | | |
| B.Voc .(Retail Management) | First Year | 21 | 12 | 3 | 0 | 2 | 0 | 2 | 0 | 28 | 12 | 40 | | | |
| | Second Year | 10 | 10 | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 11 | 11 | 22 | | | |
| | Third Year | 10 | 9 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 10 | 9 | 19 | | | |
| | Total | 41 | 31 | 3 | 1 | 3 | 0 | 2 | 0 | 49 | 32 | 81 | | | |
| B.Voc .(Hospitality and Tourism) | First Year | 24 | 9 | 2 | 1 | 1 | 0 | 4 | 0 | 31 | 10 | 41 | | | |
| | Second Year | 12 | 9 | 2 | 2 | 1 | 2 | 0 | 0 | 15 | 13 | 28 | | | |
| | Third Year | 7 | 11 | 4 | 4 | 3 | 0 | 0 | 0 | 14 | 15 | 29 | | | |
| | Total | 43 | 29 | 8 | 7 | 5 | 2 | 4 | 0 | 60 | 38 | 98 | | | |
| **Grand Total** | | **1449** | **1848** | **467** | **531** | **360** | **305** | **73** | **86** | **2347** | **2770** | **5117** | **11** | **3** | **14** |

## वार्षिक परीक्षा परिणाम

वार्षिक परीक्षा परिणाम किसी भी शैक्षिणक संस्थान के चहुमुखी विकास का प्रतिबिम्ब होता है। यह हमारे महाविद्यालय के लिए बड़े हर्ष का विषय है कि वार्षिक परीक्षा परिणाम अत्यधिक संतोषजनक एवं विश्वविद्यालय परिणाम की प्रतिशतता से बेहतर रहता है। यह शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के कठोर परिश्रम का परिणाम है।

मैं यहाँ अपनी ओर से जोर देकर कहना चाहूँगा कि यहाँ के सभी प्राध्यापक अपने विषय के विशेषज्ञ है और अपनी ओर से श्रेष्ठतम देने का प्रयास करते हैं।

## प्राध्यापकों की शैक्षणिक उपलब्धियाँ

एक अध्यापक राष्ट्र का निर्माता होता है। किसी भी संस्थान के शिक्षकों की गतिविधियों और उपलब्धियाँ सर्वांगीण विकास की ओर अग्रसर करती है। इस संस्था के प्राध्यापक ज्ञानार्जन और शोध कार्यों में लीन रहकर ज्ञान का प्रचार प्रसार करते हैं-

**रिफ्रेशर प्रोग्राम-** प्रो० सोम नेगी, प्रो० ज्योति चरण, प्रो० स्नेहलता, प्रो० अजय कुमार, डॉक्टर हरि सिंह ठाकुर, प्रो० निश्चल शर्मा, डॉ. ऋचा आहलुवालिआ, डॉ. अनुपमा कटोच, प्रो० गोपी और डॉ. अनुपमा कटोच आदि ने रिफ्रेशर कोर्स किया है ।

**अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी** :- डॉ. शशि शर्मा, डॉ. रूपा ठाकुर, डॉ. हेम राज ने अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी मे भाग लिया है ।

**राष्ट्रीय संगोष्ठी** प्रो० चेत राम, प्रो० स्नेहलता, डॉ. अनुराधा नेगी, डॉ. रूपा ठाकुर, प्रो० दीप लाल, डॉ. हेम राज ने **राष्ट्रीय संगोष्ठी** मे भाग लिया है ।

**प्रवेशन प्रशिक्षण** (Induction Training ):- प्रो० तरुण ठाकुर, प्रो० रवि ने भाग लिया है ।

**संकाय विकास कार्यकम** (FDP): प्रो० सोम नेगी, डॉ. निर्मला सिंह, प्रो० सपना वर्मा, प्रो० ज्योति चरण डॉ. अवधेश कुमार यादव, प्रो० अजय कुमार, प्रो० निश्चल शर्मा, डॉ. रूपा ठाकुर, डॉ. शीतल शर्मा डॉ. , डॉ. हेम राज, डॉ. हीरामणी, डॉ. सोहन लाल, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. कंचन, डॉ. मनीष सूद, प्रो० प्रोमिला, प्रो० शुभम दीप, डॉ. अनुपमा कटोच ने संकाय विकास कार्यकम में भाग लिया है ।

**शोध पत्र**- प्रो० चेत राम, प्रो० स्नेहलता, प्रो० सरिता सरिता, डॉक्टर हरि सिंह ठाकुर, डॉ. शशि शर्मा, डॉ. रूपा ठाकुर, डॉ. शीतल शर्मा, प्रो० रामनाथ, डॉ. मनीष सूद, डॉ. हेम राज, हीरामणी, प्रो० दीप लाल, प्रो० प्रोमिला, आदि प्राध्यापकों ने विभिन्न विषयों पर शोध पत्र प्रकाशित किए |

**किताब प्रकाशन**- डॉ. खेमचंद (राजनीति विभाग) ने 'पॉलिटिक्स इन साउथ एशिया' विषय पर, डॉ. शशि शर्मा (अर्थशास्त्र विभाग) ने 'स्टेटिस्टिक्स फॉर इकोनॉमिक्स', डॉ. हेम राज (हिन्दी विभाग) ने 'लोक साहित्य एवं संस्कृति के विविध आयाम' नामक पुस्तकें प्रकाशित की

**पी एच डी उपाधि** -

डॉक्टर अनुराधा नेगी (भूगोल विभाग) ने 'Regional Disparities in Socio-Economic Development of Himachal Pradesh : A case study of Kinnaur District' विषय पर डॉक्टरेट उपाधि प्राप्त की |

डॉक्टर हेमराज (हिन्दी विभाग) ने अपने शोधप्रबंध '**कुल्लवी एवं लाहुली लोक साहित्य एक तुलनात्मक अध्ययन'** के लिए डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की |

## स्थानान्तरण, रिक्तियां, नियुक्तियाँ, सेवनिवृति

**स्थानान्तरण-** - यह कर्मचारियों की सहज प्रक्रिया मानी जाती है। इस महाविद्यालय में सत्र 2023-24 में स्थानांतरित हुए प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों का ब्यौरा निम्न है-

प्रो० कश्मीर, प्रो० कृष्ण लाल, प्रो० कुलदीप सिंह, प्रो० राजेश सिंह, प्रो० रत्नेश त्रिपाठी, प्रो० साक्षी, प्रो० सनी ठाकुर, प्रो० मीनाक्षी जोहल, प्रो० चारु आलुहवालिआ, प्रो० अनुराधा नेगी, प्रो० रत्न देव आदि स्थानांतरित होकर विभिन्न महाविद्यालयों में गए है और डॉक्टर सुजाता पदोन्नत होकर प्राचार्य के पद पर नियुक्त हुई है | गैर-शैक्षिक वर्ग से लिपिक रोहित महंत पदोन्नत होकर वरिष्ठ सहायक पद पर स्थानातरित हुए हैं ।

**आगमन-** महाविद्यालय में सत्र 2023-24 के दौरान डॉक्टर खेम चंद, प्रो० गोपी देवी, प्रो. राजकुमार, प्रो०सपना प्रो० मानसिंह, प्रो० श्वेता चंदेल, डॉक्टर आर० के० सिंह, डॉक्टर शेफाली, प्रो० पूजा सोहल, प्रो० अमन सूद और प्रो० ओम प्रकाश तथा गैर शैक्षिक वर्ग में श्रीमती भागदेई स्थानांतरित होकर महाविद्यालय परिवार में सम्मिलित हुए हैं |

**नियुक्तियाँ-** महाविद्यालय में सत्र 2023-24 के दौरान प्रो० नंदिनी, प्रो० रवि, प्रो० शैलेश, प्रो० तरुण, प्रो० संगीता की विभिन्न विषयों में नवनियुक्तियाँ हुई है |

**रिक्तियां -** महाविद्यालय में वर्तमान में शिक्षक वर्ग में हिंदी, अग्रेज़ी, टूर एंड ट्रेवल में एक एक पद रिक्त चल रहे हैं जबकि गैर शिक्षक कर्मचारी में लिपिक, लाइब्रेरियन, SLA , तबला वादक की एक-एक जबकि JLA के दो पद रिक्त चल रहे हैं।

**सेवनिवृति** - प्रोफेसर कर्म सिंह, प्रोफेसर रेवत राम पठानिया, प्रोफेसर नीरज कपूर, राजकुमार SLA, प्रेमचंद JLA इस सत्र के दौरान सेवानिवृत हुए हैं |

## सांस्कृतिक गतिविधियाँ

राजकीय महाविद्यालय कुल्लू के विद्यार्थियों ने ग्रुप-2 जो कि 14 से 17 अक्तूबर 2023 तक राजकीय महाविद्यालय रामपुर में और ग्रुप-4 जो कि 20 से 23 अक्तूबर 2023 तक राजकीय महाविद्यालय सीमा रोहडू शिमला में सम्पन्न हुआ इसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने संगीत की विभिन्न विधाओं ग्रुप-2 में चार प्राइज जबकि ग्रुप-4 में दो प्राईज अपने नाम कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है।

हिंदी दिवस राज्यस्तरीय गेयटी थियेटर शिमला में आयोजित हुआ जिसमें भाषण प्रतियोगिता में तमन्ना सूद ने तृतीय पुरस्कार, कविता लेखन में श्रभा शर्मा ने द्वितीय पुरस्कार ने प्राप्त किया।

## खेल-कूद गतिविधियाँ-

- नॉर्थ ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी बॉक्सिंग वुमन चैंपियनशिप, जो LPU जालंधर में आयोजित में एकता ने रजत पदक हासिल किया।
- खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स जो उत्तर प्रदेश में आयोजित हुई में एकता ने कांस्य पदक हासिल किया ।
- LPU जालंधर में आयोजित हुई इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी बॉक्सिंग चैंपियनशिप में एकता ने कांस्य पदक प्राप्त किया ।
- RKMV शिमला में आयोजित इंटर कॉलेज बॉक्सिंग वुमन चैंपियनशिप में महाविद्यालय की छात्रा एकता ने स्वर्ण पदक हासिल किया।
- राजकीय महाविद्यालय सोलन में आयोजित HPU इंटर कॉलेज वुशु पुरुष वर्ग में महाविद्यालय के छात्र चांद ने 56 किलो भार वर्ग में स्वर्ण पदक जबकि अनिल ने 60 किलो भार वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया।
- राजकीय महाविद्यालय जोगिंदर नगर में आयोजित इंटर कॉलेज बॉक्सिंग चैंपियनशिप पुरुष वर्ग में अंश ठाकुर ने 71 से 75 किलो भार वर्ग में कांस्य पदक गौरव ने 81 से 86 किलो भार वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त किया।
- RKMV शिमला में आयोजित इंटर कॉलेज बॉक्सिंग महिला प्रतियोगिता में वैशाली ने 66 किलो भार वर्ग में में रजत पदक हासिल किया। चांदनी ने 81 किलो भार वर्ग में रजत पदक जबकि अंजलि ने 48 किलो भार वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त किया।

## विभागीय गतिविधियाँ

- वाणिज्य विभाग द्वारा 3 जून 2023 को वेबीनार का आयोजन और 23 नवंबर को इंटर कॉलेज डिस्ट्रिक्ट लेवल क्विज कंपटीशन ऑन टेक्स्ट मेटर का आयोजन किया।
- हिंदी, अंग्रेजी और संस्कृत विभाग के संयुक्त तत्वाधान में सितंबर 2023 में लिटरेरी सोसायटी का कार्यक्रम आयोजित किया गया
- 10 नवंबर 2023 को MA के विद्यार्थियों के लिए नेट/सेट परीक्षा की तैयारी हेतु करने के लिए मोटिवेशनल स्पीच का आयोजन किया गया जिसके लिए हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में अध्ययनरत श्री कमलचंद जी को गेस्ट लेक्चर के लिए बुलाया गया।
- 14 सितंबर 2023 को हिंदी दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया |
- 26 नवंबर 2023 को राजनीतिक विभाग द्वारा संविधान दिवस और 7 नवंबर को युवा संसद का आयोजन किया गया|
- अंग्रेजी विभाग ने संस्कृत और हिंदी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में लिटरेरी सोसायटी कार्यक्रम और डॉक्टर देवकन्या ठाकुर द्वारा निर्मित एवं निर्देशित डॉक्यूमेंट्री फिल्म "नो वूमेनस लैंड" और **'Behind the bars'** फिल्में विद्यार्थियों को दिखाई और उस पर प्रश्नोत्तरी और चर्चा की।
- 5 मार्च विज्ञान विभाग द्वारा विज्ञान दिवस मनाया गया|

**पुस्तकालय** - पढ़ना लिखना एक महत्वपूर्ण शैक्षिक प्रक्रिया है जिसके विकास में महाविद्यालय का पुस्तकालय महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। महाविद्यालय के पुस्तकालय में इस समय विभिन्न विषयो पर 28242 पुस्तकें, 18 पत्र-पत्रिकाएं 5 समाचार पत्रों का विद्यार्थी लाभ उठा रहे है।

सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी के अन्तर्गत 6,292 ई०-जर्नल और 1,99,500 ई०-पुस्तकों का लाभ विद्यार्थी से रहे हैं।

2011-12 में सॉफ्टवेयर के अन्तर्गत पुस्तकालय को कम्पयूटरीकृत कर दिया गया है। विद्यार्थियों के अध्ययन के लिए इस समय 10 संगणक दिए गए है। बी०एस०एन०एल० फाईबर की सुविधा भी दी गई है।

## छात्रवृतियाँ

2023-24 में अलग-अलग योजनाओं के द्वारा विभिन्न वर्ग के 99 विद्यार्थियों को छात्रवृत्तियों प्रदान करने की पुष्टि की गई है और महाविद्यालय के 56 विद्यार्थियों की छात्रवृति को Renew किया गया है |

## अध्यापक अभिभावक संघ

अध्यापक अभिभावक संघ समाज और महाविद्यालय शिक्षकों के बीच का सेतु है। शैक्षणिक विकास में इस संघ की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। सत्र 2023-24 में श्रीमती रोमा (अध्यक्ष), श्री जोगिंद्र ठाकुर (उपाध्यक्ष), सचिव डॉक्टर हरि सिंह ठाकुर, सहसचिव श्री हितेश मोदगिल , कोषाध्यक्ष श्री राजेन्द्र सूद। सदस्य अभिभावक श्री ओम प्रकाश, श्री दोत राम, श्री राजू, श्रीमती चन्द्रकला, मुख्य सलाहकार श्री झावे राम तथा प्रो० सोम कृष्ण शर्मा, प्रो० प्रोमिला, प्रो० सपना, डॉ० लोकेश सिसोदिया प्राध्यापक सदस्य हैं |

## एन०सी०सी० ARMY WING (थल स्कन्ध)

राष्ट्र के प्रति प्रतिवद्धता, समर्पण, निःस्वार्थ सेवा भाव सकारात्मक सोच एवं देश प्रेम का भाव जागृत करने में एन०सी०सी० की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है।

2 HP BN मंडी की एनसीसी कंपनी 120 कैडेटों की नामांकन शक्ति के साथ एसोसिएट एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट अजय कुमार के तहत कॉलेज में कार्य कर रही है। यह छात्रों के व्यक्तित्व के समग्र विकास को बढ़ावा देने, उनकी ऊर्जा को रचनात्मक रूप से प्रसारित करने और राष्ट्र और समुदाय के प्रति जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देने में सक्रिय रूप से लगी हुई है। इसका संक्षिप्त विवरण नीचे दिया गया है:

**शिविरों और प्रतियोगिताओं में भागीदारी:**

- SUO सुखविंदर सिंह ने NCC अकादमी रोपड़ में आयोजित प्री RDCI में भाग लिया। 29 नवंबर 06 दिसंबर 2023. CPL दीप्ति आनंद ने 18 अक्टूबर 02 नवंबर 2023 को राजपिपला गुजरात में आयोजित SNIC में भाग लिया।
- दूसरे वर्ष के 33 कैडेट और तीसरे वर्ष के 25 कैडेटों ने 239 ट्रांजिट कैंप पंडोह, मंडी में संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (एसडी/एसडब्ल्यू) 149 में भाग लिया।
- कैडेट रजनी और आदित्य ठाकुर वाद-विवाद में प्रथम स्थान पर रहे; शिविर के दौरान आयोजित हथियार संचालन प्रतियोगिता में L.CPL वीनू ठाकुर और सीएसएम रोहित ने एंकरिंग में 19वां स्थान हासिल किया, कमांडर भगवंत ठाकुर और रिदम ने क्विज में दूसरा स्थान हासिल किया, UO कुसुम और CSM रोहित ने हथियार संचालन प्रतियोगिता में दूसरा स्थान हासिल किया।

सामुदायिक सेवा और पर्यावरण पहल:

- राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) और रोवर्स रेंजर्स इकाइयों के अस्सी कैडेटों ने 31 अगस्त, 2023 को हिमाचल प्रदेश वन विभाग के सहयोग से पीज (कुल्लू) में एक मेगा प्लांटेशन ड्राइव में सक्रिय रूप से भाग लिया।
- 1 अक्टूबर 2023 को ढालपुर में "स्वच्छता ही सेवा" थीम के तहत एक सफाई अभियान चलाया गया। कैडेटों ने मिनी सचिवालय, क्षेत्रीय अस्पताल, ढालपुर चौक, कला केंद्र चौक और कॉलेज परिसर के आसपास के क्षेत्रों की सफाई की।
- महीने के हर तीसरे शनिवार को कॉलेज परिसर में एनसीसी कैडेट्स द्वारा स्वच्छ भारत अभियान चलाया जाता है।
- एनसीसी कैडेटों की दो टुकड़ियों ने स्वतंत्रता दिवस परेड और गणतंत्र दिवस में भाग लिया।
- एनसीसी दिवस के अवसर पर, अस्पताल की ब्लड बैंक टीम की मदद से कुल्लू अस्पताल में एक मेगा रक्तदान अभियान का आयोजन किया गया।

## AIR WING (**वायुस्कन्ध**)

कॉलेज कुल्लू की NCC एयर विंग ने रक्षा क्षेत्र में योगदान देने के लिए असंख्य प्रतिभाशाली लोगों को प्रेरित करने के साथ-साथ अपना नाम भी कमाया है। हथियार प्रशिक्षण, ड्रिल क्लास सत्र, साहसिक प्रशिक्षण करते हुए, कैडेटों ने बहुत प्रयास किया है जो हर दृष्टि से सराहना को आमंत्रित करता है।

हमारे सराहनीय कैडेटों की विभिन्न उपलब्धियाँ

- फ्लाइंग ऑफिसर निश्चल शर्मा ने जून 2023 में एयरफोर्स स्टेशन तांबरम (चेन्नई) में चार सप्ताह के रिफ्रेशर कोर्स में भाग लिया और कोर्स में पहला स्थान हासिल किया।
- कैडेट प्रियांजलि ठाकुर (एसडब्ल्यू) ने कर्तव्य पथ पर प्लाटून कमांडर के रूप में GC कुल्लू का प्रतिनिधित्व किया और कैडेट कॉर्पोरल मानव ठाकुर (एसडी) दिल्ली में पीएम रैली का हिस्सा थे।
- रोपड़ में प्री वायु सैनिक कैंप में 13 कैडेट्स ने हिस्सा लिया
- 3 गर्ल्स कैडेट बैजनाथ में ऑल इंडिया गर्ल हिम ट्रेक कैंप 2023 का हिस्सा थीं।
- 2 कैडेटों ने गुजरात में आयोजित सरदार पटेल नर्मदा ट्रेक कैंप में भाग लिया।
- CWO आशीष को पंजाब के मलोट में आयोजित बेसिक लीडरशिप कैंप के अलावा देहरादून में आयोजित एडवांस लीडरशिप कैंप में जानकारीपूर्ण सत्र प्राप्त हुए।
- CWO जतिन ने दिल्ली में एक भारत श्रेष्ठ भारत शिविर में भाग लिया
- DDMA कुल्लू द्वारा आयोजित रेस्क्यू कोर्स में 23 कैडेट्स ने हिस्सा लिया।

- राष्ट्रीय कैडेट कोर दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित इस अभियान में 10एनसीसी एयरविंग कैडेटों ने योगदान दिया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना

राष्ट्रीय सेवा योजना सामाजिक कार्यों के प्रतिसमर्पण, त्याग प्रेम की भावना की परिचायक है। डॉ० शशि शर्मा और डॉ० खेम चंद ठाकुर के कुशल नेतृत्व में वर्ष 2023-24 में 200 स्वयंसेवी कार्यरत है। सत्र 2023 -24 में विभिन्न गतिविधियों का विवरण कुछ इस प्रकार है:-

- महाविद्यालय में अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन 21 जून 2023 को मनाया गया |
- आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत पोस्टर मेकिंग, नारा लेखन, चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन 15 अगस्त 2023 को किया गया |
- राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन 29 अगस्त 2023 को किया गया जिसके अंतर्गत वॉलीबाल, कबबड्डी बेडमिंटन, बासकिटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया |
- 24 सितंबर 2023 को एनएसएस दिवस का मनाया गया जिसमें ड्रिल सेशन, स्किट , लोकनृत्य का आयोजन किया गया |
- स्नेहा और नेहा ने north zone NSS pre-republic camp में भाग लिया जिसका आयोजन राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर ने किया था |
- 10 नवंबर 2023 को आयुर्वेद दिवस मनाया गया जिसमें डॉक्टर गुंजन और डॉक्टर सेठी ने आयुर्वेद के फ़ायदों से उपस्थित स्वयंसेवियों को अवगत करवाया |
- 25 स्वयंसेवियों ने जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस परेड में भाग लिया जिसका आयोजन ढालपुर ग्राउन्ड में किया गया |
- 25 जनवरी 2024 को देवसदन में नेहरू युवा केंद्र कुल्लू द्वारा आयोजित मतदाता अभियान में 50 स्वयंसेवियों ने भाग लिया |
- 28 जनवरी से 3 फरवरी 2024 तक सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया।
- सुविता, गीता तथा स्वयंसेवी लता ने एक भारत श्रेष्ठ भारत योजना के अंतर्गत पुदुचेरी में national integration camp में भाग लिया |
- रोड सेफ़्टी के अंतर्गत ढालपुर तथा अखाड़ा बाजार में 25 स्वयंसेवियों ने लगातार एक सप्ताह तक ट्रेफिक नियंत्रण व्यवस्था में सहायता की |
- गौ रक्षा के अंतर्गत गौ सदन कुल्लू में लगभग 20 स्वयंसेवियों ने अपनी सेवाएं दी |

- राष्ट्रीय सेवा योजना की निस्वार्थ सेवाएं केवल यहीं समाप्त नहीं होती बल्कि ये वर्ष भर अनवरत रूप से चलती रहती है |

## रोवर्स और रेंजर्स

- राजकीय महाविद्यालय कुल्लू के रोवर एवं रेंजर इकाई की 7 रोवर ने राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस परेड चयन कैम्प में हिस्सा लिया।
- जनवरी 26 जनवरी 2023 को राजकीय महाविद्यालय कुल्लू के 6 रोवर्स और 17 रेंजर्स राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस परेड शिमला में कॉलेज का प्रतिनिधितत्व किया ।
- 27 मई 2023 से 3 जून 2023तक रोवर एवं रेंजर इकाई द्वारा राजकीय महाविद्यालय में 7 दिन का कैंप आयोजित किया गया
- राजकीय महाविद्यालय कुल्लू के रोवर रेंजर इकाई के 4 रोवर और 2 रेंजर ने 15.06.2023 राज्य स्तरीय प्रशिक्षण केंद्र रिवालसर में specialized course में भाग लिया ।
- 1 अगस्त 2023 से 3 अगस्त 2023 तक राजकीय महाविद्यालय की ओवर रेंजर्स इकाई द्वारा ऑर्नामेंटल इको गार्डन का एक कैंप आयोजित किया गया ।
- 31 अगस्त 2023 को महाविद्यालय के रोवर एवं रेंजर इकाई ने 74वें वृत स्तरीय वन महोत्सव के शुभारंभ के अंतर्गत जिला मुख्यालय के साथ लगते क्षेत्र शेताफाठ में वृक्षारोपण कार्यक्रम में भाग लिया इस कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय मुख्य संसदीय सचिव (वन ऊर्जा पर्यटन एवं परिवहन विभाग) श्री सुंदर सिंह ठाकुर जी ने किया।
- 21 सितंबर 2023 से 25 सितंबर 2023 तक राजकीय प्रशिक्षण केंद्र रिवालसर में राज्य स्तरीय निपुण टेस्टिंग कैंप तथा राज्य पुरस्कर टेस्टिंग कैंप का आयोजन किया गया । इस शिविर में रजकीय महाविद्यालय की रोवर एवं रेंजर इकाई की 10 रेंजर्स ने निपुण टेस्टिंग में भाग लिया तथा 2 निपुण क्वालिफाइड रेंजर्स ने राज्य पुरुस्कार में भाग लिया ।
- राज्य प्रशिक्षण केंद्र रिवालसर जिला मंडी में 26 से 30 सितंबर तक रोवर्स के लिए निपुण व राज्य पुरस्कार जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय इकाई से 11 रोवर्स ने निपुण टेस्टिंग व 2 रोवर्स ने राज्य पुरस्कार टेस्टिंग में हिस्सा लिया।
- 07 नवंबर 2023 को राजकीय महाविद्यालय कुल्लू की रोवर एंड रेंजर इकाई द्वारा भारत स्काउट एंड गाइड का 74 वां स्थापना दिवस मनाया गया।

- राजकीय महाविद्यालय कुल्लू के रोवर एवं रेंजर इकाई के 2 रोवर्स और 2 रेंजर्स ने राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस परेड शिमला में हिस्सा लिया।

## सड़क सुरक्षा क्लब (Road safety club)

सड़क सुरक्षा क्लब राजकीय महाविद्यालय कुल्लू में सक्रिय है उनके द्वारा वर्षभर में विभिन्न गतिविधियां करवाई गई -

- फरवरी 2024 के महीने में सड़क सुरक्षा माह मनाया।
- जिसमें पोस्टर मेकिंग, रंगोली प्रतियोगिता (एकल और समूह प्रतियोगिता), फील्ड विजिट- ट्रैफिक पार्क मोहाल में किया गया।

## पी० जी० कक्षायें

वर्तमान में महाविद्यालय मे अंग्रेज़ी, हिन्दी, अर्थशास्त्र, रजनीति विज्ञान और टुरिज़्म विभाग में स्नातकोत्तर की कक्षायें चल रही हैं जिसमें हर विषय में 30-30 विद्यार्थियों का चयन योग्यता के आधार पर किया जाता है।

## बी०सी०ए०

सत्र 2008-09 में महाविद्यालय में बी०सी०ए० पाठ्यक्रम शुरू किया गया जिसमें 40 विद्यार्थियों का चयन योग्यता के आधार पर किया जाता है। डॉ. निर्मला सिंह के कुशल नेतृत्व में उच्चगुणवता युक्त कम्पयूटर शिक्षा प्रदान करने के लिए योग्य प्राध्यापकों की सेवाएं ली जा रही है। सेल्फ फाइनांस के अन्तर्गत यह कोर्स चलाया जा रहा है।

## बी०बी०ए०

महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को रोजगार उपलब्ध करवाने के लिए सत्र 2010 में बी०बी०ए० की कक्षाएँ आरम्भ की गई। वर्तमान में प्रो० सोमकृष्ण शर्मा समन्वयक के पद पर कार्यरत है। सेल्फ फाइनांस के अनतर्गत यह कोर्स चलाया जा रहा है।

## बी० वॉक

महाविद्यालय में सत्र 2017 में बी० वॉक की कक्षाएं शुरू की गई। बी० वॉक में दो पाठ्यक्रम हॉस्पिटेलिटी एंड टूरिजम और रिटेल मैनेजमैंट चलाए गए तथा प्रत्येक पाठ्यक्रम में 40 विद्यार्थियों का चयन योग्यता के आधार पर किया जाता है। वर्तमान में प्रो० मान सिंह राणा बी० वॉक के समन्वयक है।

## इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय

महाविद्यालय में सभी वर्ग के शैक्षणिक विकास के लिए इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय का केन्द्र सन् 1992 में अस्तित्व में आया । 8 छात्रों से आरम्भ होकर आज 2541 छात्र/छात्राएँ पंजीकृत है। इस समय इस केन्द्र में 40 पाठ्यक्रमों में प्रवेश उपलब्ध है। जुलाई 2019 से बी०एस०सी० पाठ्यक्रम को भी सम्मिलित किया गया है। अध्ययन केन्द्र के समन्ययक डॉ. राकेश राणा , एक सहायक समन्वयक प्रो०चेतराम, एक सहायक, चारपरिचारक तथा एक सफाई कर्मचारी है। अध्ययन केन्द्र कुल्लू में 33 सक्रिय परामर्शदाता है।जो छात्रों को अपने-अपने विषयों में अध्ययन में सहयोग करते हैं।

## छात्रावास

### Boys Hostel **(छात्र छात्रावास)**

सत्र 2023-24 के दौरान **Boys Hostel** में 49 छात्रों को मेरिट के आधार पर प्रवेश मिला। हॉस्टल की गतिविधियों को सुचारू रूप से चलाने के लिए रोनित और गुलाब सिंह को मुख्य छात्र तथा अंश ठाकुर एवं घनश्याम को छात्रावास में भोजनालय प्रबन्धक बनाया गया है। वर्तमान में **Boys Hostel** के वॉर्डन डॉक्टर हरि सिंह है |

### Girls Hostel **(कन्या छात्रावास)**

राजकीय महाविद्यालय कुल्लू जनजातीय कन्या छात्रावास का सत्र 1 अक्तूबर, 2023 को शुरू हुआ । वर्तमान में छात्रावास में 86 छात्राएँ रह रही है। छात्रावास में मुख्या छात्रा अंकिता ठाकुर, प्रीफैक्ट सोनम नन्दिनी प्रियंका शालिनी लताशा उर्वशी को और Mess Auditor प्रिया को बनाया गया है। इसकी वॉर्डन डॉ. कंचन कुमारी हैं |

## पत्रिका

महाविद्यालय की पत्रिका **(देवधरा)** विद्यार्थियों की सृजनात्मक प्रतिभा जागृत करने का प्रयास करती है | इसमें विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों पर अपने विचार स्वतंत्र रूप से अभिव्यक्त करने का अवसर प्राप्त होता है। पत्रिका मुख्य सम्पादक डॉ. राकेश राणा के संरक्षण में तैयार हुई है। इस सत्र के विभिन्न विषयों के प्राध्यापक एवं छात्र/छात्रा सम्पादकों का विवरण इस प्रकार है-

| क्रम संख्या | विभाग | प्राध्यापक संपादक | छात्र/छात्रा संपादक |
|---|---|---|---|
| 1 | अंग्रेजी | डॉ. बिन्ता ठाकुर | बनिता |
| 2 | हिन्दी | डॉ. रूपा ठाकुर | हरीश |
| 3 | संस्कृत | प्रो० विजय सिंह | नरेंद्र कुमार |
| 4 | पहाड़ी | डॉ. हेम राज | आयुष |
| 5 | वाणिज्य | डॉ. मनीष सूद | हरीश |
| 6 | विज्ञान | प्रो० जय प्रकाश | पल्लवी चौहान |
| 7 | बी०सी०ए० | प्रो० दिशा गुलेरिआ | गुलशन |

## केन्द्रीय छात्र परिषद 2023-24

महाविद्यालय के विभिन्न विकासात्मक कार्यों में महाविद्यालय प्रशासन के साथ सहयोग करने के लिए विश्वविद्यालय के नियमों के अनुरूप पूर्ण रूप से मेरिट के आधार पर केन्द्रीय छात्र परिषद का गठन किया गया है | जिसमें अध्यक्ष मीना, उपाध्यक्ष स्नेहा, सचिव अदिति, सहसचिव मंदीप कौर सहित 35 सदस्य हैं | केन्द्रीय छात्र परिषद के सहयोग के लिए एक सलाहकार समिति का गठन भी किया गया है, जिसमें डॉ. बृजबाला संयोजक, डॉ. ओमप्रकाश ठाकुर, डॉ. शेफाली, प्रो. राजेश कुमार सिंह, प्रो० सोम कृष्ण शर्मा आदि सम्मिलित हैं |

## निष्कर्ष

महोदय ये महाविद्यालय पचास वर्षों से अधिक का समय तय कर चुका है और इतने वर्षों में यहाँ से अनेक प्रतिभाशाली विद्यार्थी विभिन्न विषयों में स्नातक तथा स्नातकोतर कर सरकारी व निजी क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं और महाविद्यालय का गौरव बढ़ा रहे हैं | इसका श्रेय निश्चित रूप से यहाँ के समर्पित शिक्षकों को ही जाता है | देवभूमि कुल्लू की इस पावन धरती पर प्रकृति की गोद में स्थित इस राजकीय महाविद्यालय कुल्लू को अभी निरंतर शिक्षा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करने है | मैं समस्त महाविद्यालय के सभी प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को बधाई देता हूं जिन्हें आज पुरस्कार प्राप्त करने का सुअवसर प्राप्त हुआ है। अंत में, मैं महाविद्यालय परिवार की ओर से पुनः हृदय की गहराइयों से आपका आभार एवं धन्यवाद प्रकट करता हूँ।

**प्रतिवेदन निर्माण समिति हिन्दी विभाग :**

1. **डॉ. हेम राज**
2. **प्रो. अमन सूद**